निधि पाण्डे, भा.सू.से.
आयुक्त
Nidhi Pandey, I.I.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
Kendriya Vidyalaya Sangathan
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016

संदेश

प्रिय विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं अभिभावकगण,

केन्द्रीय विद्यालय संगठन की हीरक जयंती के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। शिक्षा के लिए समर्पित साठ वर्षों की यात्रा का यह उत्सव हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है, और हम सबको कृतज्ञता के भाव से भर देता है। हमें गर्व है कि हम सबने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपना हरसंभव योगदान दिया है।

हीरक जयंती सिर्फ इन 60 वर्षों के सफर का ही नहीं, अपितु यह हमारे शिक्षकों, कर्मचारियों, और विद्यार्थियों के समर्पण एवं परिश्रम का परिचायक है। एक संस्थान के रूप में केन्द्रीय विद्यालय संगठन शिक्षा के क्षेत्र में एक दीपक की भांति प्रकाशित है। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि 60 वर्षों की इस दीर्घ यात्रा के दौरान हमारे केन्द्रीय विद्यालय अनगिनत जिंदगियों में सकारात्मक बदलाव लाए हैं।

संगठन की इस अद्भुत सफलता के पीछे हमारे शिक्षकों, अधिकारियों और सभी सदस्यों का बहुमूल्य योगदान रहा है। आपके संघर्ष, समर्पण और साझेदारी के बिना, यह सफलता संभव नहीं थी। आज हम गर्व से यह कह सकते हैं कि हमने उस संकल्प को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया है जिसे लेकर केन्द्रीय विद्यालय संगठन की नींव रखी गई थी। इस संगठन ने सर्वदा विद्यार्थियों का एक बेहतर भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन किया है। आज, जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो संगठन के प्रत्येक हितधारक के समर्पण और सहयोग का आभास होता है।

सफलता के इस शिखर तक पहुंचने में केन्द्रीय विद्यालय संगठन से जुड़े प्रत्येक सदस्य का योगदान सराहनीय है। मैं केन्द्रीय विद्यालय संगठन के इस स्वरूप को गढ़ने के लिए अपने वर्तमान और पूर्व शिक्षकों को विशेष रूप से हार्दिक बधाई देती हूँ।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि सेवा और समर्पण का यह सफर अनवरत जारी रहेगा।

अनेक शुभकामनाओं सहित,

निधि पाण्डे

15 दिसम्बर, 2023

(निधि पाण्डे)